Ludhiana Covid Update
New case -2
Active case -22
Home isolation -19

RNI No. PUNBIL/2014/59416

UTURN TIME
# यूटर्न टाईम
UTURNTIME.COM

THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA



JAN HETAISHI
JAN JAN KI BAAT
A Venture of UTURN TIME
/janhetaishi




VOL:01 | ISSUE:95 | WEDNESDAY, DATE: 20-04-2022 | RS.2 | PUBLISH BY: LUDHIANA | DAILY EVENING NEWSPAPER | FOLLOW US ON @UTURNTIME


होशियार! दबे कदमों लौट रही कोरोना महामारी

# शहर के अस्पतालों में बढ़ रहे कोरोना मरीज

## औसतन रोजाना आने वाले 3-4 मरीज बढ़कर मंगलवार को हो गए थे 8, बढ़ रही चिंता





लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। कोरोना महामारी के चलते लॉकडाउन का दौर देख चुके इस महानगर में भी एक बार फिर खतरे के संकेत मिल रहे हैं। महानगर के अस्पतालों में पिछले दो महीने के दौरान रोजाना औसतन तीन-चार कोरोना पॉजिटिव मरीज आ रहे थे। जबकि एक पाजिटिव दूसरे जिले से संबंधित रहा। यही नहीं, नए मरीज मिलने के साथ साथ अस्पतालों में भी भर्ती होने वाले संक्रमितों की संख्या बढ़ गई। इनमें से दो मरीजों को तो अस्पताल में दाखिल भी कराना पड़ गया। फिलहाल निजी अस्पतालों में ऐसे चार मरीज दाखिल हैं।

वहीं, होम-आइसोलेशन वाले मरीजों की तादाद 17 है। जिले में एक्टिव केस 21 हो चुके हैं। फिलहाल तक राहत की बात यही है कि वेंटिलेटर पर कोई मरीज नहीं है। धीरे-धीरे बढ़ते इस खतरे को यहीं रोकने के मद्देनजर राज्य सरकार, जिला प्रशासन व सेहत विभाग की लोगों को यही सलाह है कि घबराने या हड़बड़ाने की जरुरत नहीं, बल्कि एहतियात बरतने की खास जरुरत है। वहीं, माहिरों का मानना है कि यह बहुत चिंताजनक स्थिति तो नहीं है, लेकिन तमाम पहलुओं से एहतियात नहीं बरती गई तो लापरवाही का खमियाजा भुगतना पड़ सकता है। किसी गंभीर बीमारी के शिकार मरीजों के साथ ही जिन लोगों का इम्यून-सिस्टम कमजोर है, उनको प्री-कॉशन लेना चाहिए। संक्रमण के लक्षण लगें तो जांच कराने के साथ मास्क का इस्तेमाल करने के अलावा सोशल डिस्टेंस का पालन किया जाए।

टिब्बा रोड पर हैरान करने वाली दर्दनाक घटना

# झुग्गी में लगी आग, परिवार के सातों मेंबर नहीं भाग सके, जल गए जिंदा

## दोस्त की झुग्गी में सोने गया दंपति का बड़ा बेटा ही बचा







लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। यहां टिब्बा रोड पर मक्कड़ कॉलोनी के पास मंगलवार-बुधवार की रात करीब तीन बजे एक झुग्गी में आग लग गई। जिसमें सो रहे उस परिवार के सभी सात सदस्य जिंदा जल गए। मरने वाले दंपति, उसकी चार बेटियों, एक बेटे के अलावा 18-19 साल का सबसे बड़ा बेटा राजेश कुमार संयोग से बच गया। वह नजदीक ही अपने दोस्त की झुग्गी में सोने चला गया था। जानकारी के मुताबिक झोपड़-पट्टी में ज्यादातर लोग कबाड़ का काम करते हैं। एक झुग्गी में बिहार के समस्तीपुर जिले का मूल निवासी कबाड़ी 55 साल का सुरेश कुमार परिवार के साथ रहता था। बीती रात उसके साथ पत्नी अरुणा देवी (52), चार नाबालिग बेटियां राखी (15), मनीषा (10), गीता (8) और चंदा (5) के अलावा छोटा बेटा सन्नी (2 साल) सो रहे थे। बाकी झुग्गियां थोड़े फासले पर हैं, उनमें से किसी ने रात को तकरीबन तीन बजे सुरेश की झुग्गी से आग की लपटें उठाती देख शोर मचाया तो बाकी झुग्गी वाले उस तरफ दौड़ पड़े। वहां लगे सबमर्सिबल को चालू कर बाल्टियों से पानी भी डाला गया, इसी दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सूचना पाकर पहुंची, लेकिन तब तक झुग्गी खाक हो चुकी थी। मौके पर मौजूद लोगों का कहना है कि आग एकाएक इतनी भड़की कि कुछ मिनटों में ही सब कुछ भस्म कर डाला। हद यह कि अंदर मौजूद परिवार के बड़े सदस्य भी आग से बाहर नहीं निकल सके। परिवार में अकेले बचे सुरेश के बेटा राजेश बस यही कहता रहा कि उसे या पड़ोसियों को भी नहीं पता कि उनकी झुग्गी में आखिर आग कैसे लगी।

### डीसी, सीपी ने लिया जायजा

✔ घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना टिब्बा की पुलिस के अलावा सिविल अस्पताल की टीम मौके पर पहुंची। फिर डीसी सुरभि मालिक व पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा भी जायजा लेने आए। जबकि फॉरेंसिक टीम ने घटना के सही कारण पता लगाने की मंशा से जली झुग्गी के मलबे से सैंपल लिए। वहीं पुलिस के जांच अधिकारी बलदेव राज की निगरानी में सभी शवों का पोस्टमार्टम करा संस्कार कर दिया गया।

### हादसे पर उठते सवाल

✔ भले ही मरने वाले सुरेश का बड़ा बेटा राजेश अपनी झुग्गी में आग लगने के बारे में कुछ नहीं बोल रहा, लेकिन आस-पड़ोस वाले इसे साजिश बता रहे हैं। कम-पढ़े लिखे होने के बावजूद उन्होंने हैरानी जताई कि किसी झुग्गी में आग लगने पर माना कि उसमें फंसे मासूम बच्चे बचाव नहीं कर पाए होंगे, लेकिन उम्रदराज दंपत्ति बाहर क्यों नहीं भागे। कबाड़ दूर रखा था, झुग्गी में कोई ज्वलनशील पदार्थ रखा होगा या डाला गया, वर्ना कुछ मिनटों में भी इतनी भीषण आग कैसे लगी कि सब कुछ स्वाह हो गया। जबकि पुलिस का कयास है कि आग शॉर्ट सर्किट होने से लगी या झुग्गी के पास बने चूल्हे व दूर सुलगते कचरा-डंप की चिंगारी उड़कर आई होगी। सवाल यह है कि आग आधी रात के बाद जब लगी, तब चूल्हा ठंडा पड़ा होगा। वहीं कचरा डंप पर तो पांच दिन पहले लगी आग से कचरा तब से ही सुलग रहा है, पहले भी उससे हादसा हो सकता था। फिर जानकारों की नजर में जिस तरह झुग्गी से बैक-फायर होने की बात आसपास वाले लोग कह रहे हैं, ऐसा एलपीजी या पैट्रोल-कैमिकल में लगी आग से होता है। खैर, यह पुलिस जांच का विषय है, जिसकी मांग आसपास वाले लोगों के अलावा सोशल एक्टिविस्ट कुमार गौरव उर्फ सच्चा यादव ने भी की, जो हादसे के बाद मौके पर गए थे।

## लापरवाही फिर पड़ेगी भारी

कोरोना-वायरस का वजूद अभी देश-दुनिया में कायम है, तभी चीन और दूसरे मुल्कों के बाद अब भारत में भी इसका फिर से असर देखने को मिल रहा है। इसकी वापसी पंजाब के कई इलाकों के साथ इंडस्ट्रियल सिटी लुधियाना में भी होना चिंताजनक पहलू है। जाहिरतौर पर पिछले कुछ वक्त में चुनावी-आपाधापी में टेस्टिंग और वेक्सिनेशन के मामले में ढील बरती गई। दूसरी तरफ लंबे वक्त पाबंदियों से ऊब चुके लोग भी केसेज कम होने से बेपरवाह हो गए थे। अब ऐसे में महानगर में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कोरोना मरीजों की तादाद में धीरे-धीरे इजाफा हो रहा है। आसपास के जिलों में तो मास्क जरुरी करने के अलावा सेहत महकमे की टीमें अलर्ट हो गई हैं। महानगर में तो खासतौर पर लोगों को लापरवाही दिखाई तो महंगी पड़ सकती है। दरअसल इंडस्ट्रियल सिटी होने के कारण यहां देशभर के अलावा विदेश आने-जाने वाले लोगों की तादाद दूसरे शहरों की तुलना में बहुत ज्यादा होती है। साथ ही यहां की यूनिवर्सिटीज में भी देश-दुनिया से स्टूडेंट्स पढ़ने के लिए आते हैं। कुल मिलाकर, शासन-प्रशासन सख्ती बरते, उससे पहले ही लोगों को खुद जागरुक होकर एहतियात बरतनी होगी। जैसा कि कोरोना-संकट में लंबे वक्त लॉकडाऊन से गुजरना पड़ा था, उस स्थिति से बचने को कुछ वक्त एहतियात के तौर पर थोड़ी परेशानी उठाना ज्यादा बेहतर साबित होगा। कोरोना संक्रमण का रत्ती-भर भी शक होने पर फौरन जांच कराने के अलावा बूस्टर डोज लेना, मास्क लगाना, बिना जरुरत के भीड़ में जाने से परहेज करना अपने, परिवार और समाज के हक में है।



संदीप शर्मा
चीफ एडीटर

अपने इलाके की जन समस्याओं के लिए आप हमसे दिए हुए नंबर पर संपर्क करें-9888200619, 9818884612

बैटरी चुराते पकड़ा तो ड्राइवर पर किया हमला

## लोगों ने बांधकर पीटा



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। महानगर में बुधवार को चीमा चौक के पास एक व्यक्ति को गाड़ी की बैटरी निकालते वक्त किसी ट्रक ड्राइवर ने रंगे हाथों दबोच लिया। जिससे बौखलाए उस व्यक्ति ने ड्राइवर पर किसी लोहे के औजार से हमला कर दिया। इसके बाद मौके पर इकट्ठे हुए लोगों ने नशेड़ी लग रहे उस व्यक्ति को खंबे से बांधकर खूब पीटा। बाद में पुलिस को सौंप दिया गया।

## हीट @ जानलेवा गर्मी: पारा सुबह 25, दोपहर में 40 डिग्री

### छूटे पसीने नींबू-पानी, लस्सी, गन्ने का रस पीकर भी

लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। इन दिनों गर्मी के कहर का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि कई जगह बुधवार को सुबह करीब साढ़े आठ बजे ही पारा 24-25 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया था। जबकि दोपहर में 40 डिग्री से ज्यादा तापमान होने के साथ गर्म हवाएं चलने से लोग बेहाल नजर आए। मौसम विभाग की मानें तो भीषण गर्मी का दौर कल भी जारी रहेगा। बारिश नहीं होने की वजह से लोग झुलसा देने वाली गर्मी में बीमार होने लगे हैं। खासतौर पर स्कूली बच्चों का आते-जाते वक्त बुरा हाल हो रहा है। जबकि नींबू-शिकंजवी, गन्ने के रस, लस्सी वगैराह की दुकानों पर लोग खूब पहुंच रहे हैं, लेकिन इनके इस्तेमाल से भी पूरी तरह राहत नहीं मिल पा रही है।



● गर्मी में झुलसता बचपन...शहर के धुरी लाइन रोड पर ऑटो में लदकर जाते स्कूली बच्चे भीषण गर्मी में बेहाल नजर आए।
-फोटो: समीम अंसारी

## वीरवार को कई इलाकों में बंद रहेगी बिजली



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। पीएसपीसीएल की 11 केवी फीडरों की मरम्मत मुहिम के चलते कल 21 अप्रैल वीरवार को शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। एक चरण में सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक प्रभावित क्षेत्र सीरा रोड पर पचास फीसदी इंडस्ट्री, धर्मपुरा कॉलोनी, बाजीगर कॉलोनी, हरकिरण विहार, मेहरबान में बिजली सप्लाई नहीं होगी। दूसरे चरण में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक गौंसगढ़, हवास, जीवनपुर, मंगली, राउर, बूथगढ़, गदापुर, सासराली, सासराली कॉलोनी के इलाकों में बिजली आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

### दूसरे दिन लुधियाना में डटे रहे राजा वड़िंग

# मान की पगड़ी पर तंज कसते कांग्रेस प्रदेश प्रधान हो गए बड़बोले

**सिद्धू की राह पर चलना चाह रहे हैं वड़िंग मेयर हाउस में मीटिंग पर आप का एतराज**





लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद नेताओं-वर्करों को 'बूस्टअप' करने की मंशा से कांग्रेस प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग दूसरे दिन भी महानगर में डटे रहे। उन्होंने इस दौरान मेयर-हाउस में कांग्रेसी कौंसलरों और ब्लॉक प्रधानों के साथ बैठक की। यहां काबिलेजिक्र है कि जब नवजोत सिद्धू कांग्रेस प्रधान थे तो तत्कालीन सीएम चरणजीत चन्नी की प्रेस कांफ्रेंस में ही राजनीतिक-बयानबाजी शुरु कर देते थे। अब प्रदेश प्रधान बने वड़िंग ने मेयर हाउस यानि उनके सरकारी आवास में राजनीतिक बैठक रखी और वहां सीएम के खिलाफ सियासी-बयानबाजी की। इस पर आत्म नगर हल्के से आम आदमी पार्टी के विधायक कुलवंत सिद्धू एडवोकेट ने मेयर हाउस में सियासी-बैठक को मर्यादा के खिलाफ करार दिया। खैर, कांग्रेस प्रदेश प्रधान ने इस बैठक में सीएम भगवंत मान पर तंज कसने की मंशा से जोश में बड़बोलेपन वाली बात कर डाली। सियासी-मुद्दे के बीच शहीद आजम का नाम घसीटते हुए बोले कि केसरी पगड़ी पहनने से कोई भगत सिंह नहीं बन जाता है। इसके लिए उनके जैसा जज्बा भी तो होना चाहिए। साथ ही उन्होंने दावा किया कि अब 'नई कांग्रेस' बनाई जाएगी, जिसमें पुराने व नए नेताओं को सम्मान दिया जाएगा। पुराने नेता हमारा मार्गदर्शन और युवा अपनी ऊर्जा का प्रयोग करेंगे। उनके इस बयान पर खुद कांग्रेसी ही चुटकी ले रहे हैं कि क्या पुरानी कांग्रेस गलत ट्रैक पर थी, जिसमें बुजुर्ग नेता व युवा साथ लेकर चलने की नीति पर अमल नहीं होता था। कांग्रेस प्रधान ने यह भी सीख दी कि हम सभी कांग्रेसियों को महाराणा प्रताप के जज्बे से सबक लेना चाहिए। इस बैठक में सूबे के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, मेयर बलकार सिंह संधू, संजय तलवाड़, महिला कांग्रेस की जिला प्रधान मनीषा कपूर, सीनियर डिप्टी मेयर शाम सुंदर मल्होत्रा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## झुग्गी में जलकर मरने वालों का एनजीओ पीपुल फॉर ऑरफन ने कराया संस्कार



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। टिब्बा रोड पर झुग्गी में लगी में जलकर दम तोड़ने वाले एक ही परिवार के सात मेंबरों के अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी एनजीओ पीपुल फॉर ऑरफन ने निभाई।

दरअसल उस परिवार का इकलौता मेंबर एक लड़का राजेश ही बचा था। लिहाजा एनजीओ के प्रेसिडेंट पंकज शारदा की निगरानी में सभी सात मृतकों का अंतिम संस्कार पूरे विधि-विधान से गोघाट श्मशानघाट में कराया गया। जब सातों चिताएं एकसाथ जलीं तो सबकी आंखें नम हो गईं। काबिलेजिक्र है कि नेक मुहिम चला रही एनजीओ साल 2007 से लावारिस शवों का संस्कार कराती है। अब तक इस संस्था ने 1470 ऐसे शवों के संस्कार कराए है। जरुरत पड़ने पर संस्था के पदाधिकारियों से हेल्पलाइन नंबर9872994990 और 8847658886 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सिद्धि विनायक मंदिर में श्री गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या का आयोजन



लुधियाना/यूटर्न/20 अप्रैल। चुहरपुर रोड हैबोवाल कलां स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में प्रधान रविनंदन शर्मा की अध्यक्षता में मासिक श्री गणेश चतुर्थी पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।इस अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक संजीव अरोड़ा एंड पार्टी ने अपने भजनों के माध्यम से श्री गणपति महाराज जी की महिमा का गुणगान किया।मंदिर प्रबंधक के मुख्य सदस्यों शक्ति लखनपाल, मुनीश कक्कड़व्, रविंदर गुप्ता, चंद्र शेखर आदि ने आये गणमान्यों का स्वागत कर उन्हें सन्मानित किया।इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अंगारक चतुर्थी का संयोग तब बनता है जब मंगलवार के दिन चतुर्थी तिथि लगती है। इसे बहुत ही शुभ और फलदायी माना गया है। भारतीय परंपरा के अनुसार, चंद्र मास में दो बार चतुर्थी पड़ती है। भगवान गणेश का जन्म चतुर्थी तिथि को हुआ था इसलिए यह तिथि भगवान गणेश को समर्पित है। अमावस्या के बाद आने वाली शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि को विनायक चतुर्थी कहते हैं और पूर्णिमा के बाद आने वाली कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी कहते हैं। लेकिन यदि चतुर्थी तिथि मंगलवार को पड़ जाए तो उसे अंगारकी चतुर्थी कहते हैं। प्रधान रविनंदन ने कहा कि सनातन धर्म में प्रथम पूज्य भगवान गणेश के पूजन से भक्तों के समस्त कष्टों का निवारण होता है और ऋद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है और इससे घर परिवार में सुख-समृद्धि आती है।

## एमबीडी नियोपोलिस मॉल में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। एमबीडी नियोपोलिस मॉल में बुधवार को अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मॉक ड्रिल और अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया. फायर ब्रिगेड विभाग की टीम, खुदरा विक्रेताओं और एमबीडी नेपोलिस मॉल लुधियाना और रैडिसन ब्लू होटल एमबीडी लुधियाना के कर्मचारियों ने मॉक ड्रिल में भाग लिया। आग लगने की संभावित घटना से निपटने के लिए रेस्क्यू मॉक ड्रिल की गई। ड्रिल में लोगों को बाहर निकालना और अग्नि सुरक्षा उपकरणों के उपयोग की जानकारी और प्राथमिक चिकित्सा का सही तरीका भी बताया गया। ड्रिल का उद्देश्य कर्मचारियों की परिचालन तैयारियों को सुनिश्चित करना था। अग्नि सुरक्षा विभाग के अधिकारियों और मॉल और होटल के अग्नि सुरक्षा अधिकारियों ने भी प्रतिभागियों को अग्नि सुरक्षा के सही तरीकों और तकनीकों के बारे में जानकारी दी। अग्नि सुरक्षा के बारे में निवासियों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए, लुधियाना फायर ब्रिगेड ने बुधवार को संपन्न हुए 'राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह' के तहत मॉक ड्रिल सत्र शुरू किया। एमबीडी नियोपोलिस मॉल के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट प्रबजोत खेरा और रैडिसन ब्लू होटल एमबीडी लुधियाना के महाप्रबंधक अभय कुमार ने कहा कि सरकारी विभागों ने अग्निशामकों सहित मॉक ड्रिल ऑपरेशन में पूरा सहयोग किया. उन्होंने मॉक ड्रिल में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के सहयोग से कर्मचारियों को दिए गए प्रशिक्षण की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि मॉल और होटल में अग्नि सुरक्षा टीम नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा की तैयारियों की जांच करने के लिए कर्मचारियों के लिए ये मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण सत्र आयोजित करती है।

## जीवन गुप्ता गवर्नर को पत्र लिख कर पंजीकरण काउंटर खोलने की उठाई मांग



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश महासचिव जीवन गुप्ता ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा हर बार की तरह इस बार आयोजित की जाने वाली श्री अमरनाथ यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैंकों में पंजीकरण सुविधा खोले जाने का जहाँ धन्यवाद किया, वहीँ लुधियाना में किसी भी बैंक या अन्य जगह पर पंजीकरण ना खोले जाने से कड़ा ऐतराज जताया है। जीवन गुप्ता ने इस संबंध में जम्मू-कश्मीर के महामहीम राज्यपाल को पत्र लिख कर पंजाब के सबसे बड़े औद्योगिक शहर लुधियाना में पंजीकरण काउंटर खोले जाने की माँग की है। जीवन गुप्ता ने कहा कि श्री अमरनाथ गुफा मंदिर समुद्र तल से लगभग 3,888 मीटर की ऊंचाई पर और श्रीनगर से लगभग 141 किमी की दूरी पर स्थित है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली यात्रा से हिन्दू ही नहीं बल्कि अन्य समाज के लोगों की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई हैं। श्री अमरनाथ मंदिर हिंदुओं के सबसे पवित्र मंदिरों में से एक है और भारत ही नहीं विश्व भर में लाखों लोगों के पूजनीय है। श्री अमरनाथ यात्रा पर जाने वाला हर श्रद्धालु श्री अमरनाथ बाबा बर्फानी के दर्शन कर खुद को बहुत ही सौभाग्यशाली मानता है। पंजाब के औद्योगिक शहर लुधियाना से हर वर्ष लाखों श्रद्धालु जहाँ बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए जाते थे, वहीँ इन श्रद्धालुओं के खान-पान तथा रहन-सहन की व्यवस्था के लिए दर्जनों संस्थाएं भी इस यात्रा में जातीं थी।

## 3 मई अक्षय तृत्य को मंदिर में होगा भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह,सभी भक्तों को खुला निमंत्रण: अमन जैन



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर जोशी नगर धाम शंकराचार्य नगर(हैबोवाल कलां) प्राँगन में श्रंखलाबद्ध 1037 वां हवन यज्ञ विशाल संध्या चौंकी का आयोजन किया गया। हवन यज्ञ में नरिंदर नंदू परिवार, जतिन पिपलानी, साहिल, अमिश जैन भाग्यशाली परिवार द्वारा पूर्णाआहुति दी गई व विश्व कल्याण की प्रार्थना की। संध्या चौंकी का आयोजन प्रधान अमन जैन की अध्यक्षता में किया गया। संध्या चौंकी प्रसिद्ध भजन मंडली कुमार विनोद द्वारा श्री बालाजी महाराज जी की महिमा का गुणगान अपने भजनों के माध्यम से किया।मंदिर प्रधान अमन जैन व् सेवक अनुज मदान व् मंदिर कमेटी द्वारा दरबार में नतमस्तक होने आये मुख्य मेहमानों का मंदिर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।उन्होंने कहा कि प्रधान स्व अशोक जैन जी का लक्ष्य था कि मंदिर में श्री बालाजी महाराज जी के दिव्य स्वरूप विराजमान हो और इसका शुभारम्भ वह अपने नेक हाथों से करके गए श्री बालाजी महाराज जी के सभी स्वरूपों का चयन करके और उनके इस लक्ष्य की पूर्ति में उनके सपुत्र एवं मंदिर प्रधान अमन जैन ने सराहनीय योगदान दिया व् मंदिर कमेटी व् भक्तों के सहयोग यह वर्षों से चला आ रहा पुण्य कार्य एक मई से आरम्भ होकर 3 मई को पूर्ण होगा व् श्री बालाजी महाराज जी के सभी स्वरूपों की इस दिन विधिविधान के साथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी व् सभी यजमान परिवार पूजा में उपस्थित होंगे। अमन जैन व् सेवक अनुज मदान ने कहा कि इस पुण्य दिन पर सभी भक्त सादर आमंत्रित है और इस इस दिन हिमाचल प्रदेश से वेद विभूषण आचार्य श्री प्रफुल जी हमीरपुर से अपने मुखारविंद से श्री कृष्ण कथा,भागवत चौपाई व् राम कथा के साथ संकीर्तन कर भक्तों को निहाल करेंगे। उन्होंने कहा कि 3 मई अक्षय तृत्य को पूजन सम्पूर्ण होगा व् श्री बालाजी महाराज जी के सभी भक्तों को खुला आंमत्रण है की आकर दिव्य स्वरूपों के दर्शन कर अपने जीवन को साकार करें।

मैरिज एनिवर्सरी



सुरभि और अंकुश अरोरा

जन्मदिन मुबारक



रितेश राजा मनचंदा



पार्थ गर्ग

PUBLISH YOUR
Birthday Photograph
& GET A CHANCE TO WIN BIRTHDAY CAKE WORTH RS. 800 EACH
1 FOR YOUNGEST & 1 FOR OLDEST
*T&C
Hot Breads
0161-4603333, 5012222
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
groupkindia@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

ADVERTISEMENT
जन्मदिन/सालगिरा/शोक समाचार प्री
रस्म किरिया/श्रद्धांजलि ₹2000
क्लासिफाइड डिस्पले ₹500 - 3
M: 98142-95372

**कानून व्यवस्थाः** आखिर यह किसकी जिम्मेदारी है?

# कारोबारियों ने अपनी दिक्कतें बताएं विधायकों से



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। शासन-प्रशासन द्वारा लगाई पाबंदियों को लेकर शहर के रेस्टोरेंट कारोबारियों ने सरकार से गुहार लगाई है। उनका कहना है कि प्रशासन द्वारा लगाई गई पाबंदी में थोड़ी राहत दी जानी चाहिए। दरअसल रेस्टोरेंट और होटल के कारोबारियों का बिजनेस रात में ही सही तरीके से शुरू होता है। लिहाजा उन लोगों को इस मामले में कम से कम रात के 12 बजे तक छूट मिलनी चाहिए। होटल कारोबारी राजेंद्र सिंह बसंत की अगुवाई में मिले कारोबारियों ने यहां सर्किट हाउस में आम आदमी पार्टी के विधायकों से यही मांग रखी। इसके बाद आप विधायकों ने एक सराहनीय प्रयास किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शहर की कानून व्यवस्था को लेकर वह पुलिस कमिश्नर से आग्रह करेंगे। ताकि कानून व्यवस्था भी कायम रहते हुए कारोबारियों को काम करने के लिए थोड़ी राहत दी जाए। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर डॉ. कौस्तुभ शर्मा के साथ आप विधायकों ने इस मसले पर बातचीत की है।

# 13 मेगापिक्सल कैमरा वाला रेडमी 10A फोन लॉन्च, कीमत 8499 से शुरू



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। रेडमी 10A को बुधवार को शाओमी के सब-ब्रांड रेडमी ने नए किफायती मॉडल के रूप में भारत में लॉन्च किया गया। नया रेडमी फोन रेडमी 9A की तरह मीडिया टेक हीलियो G25 SoC के साथ 13-मेगापिक्सल के रियर कैमरे साथ आता है। इसमें नए अपग्रेड के रूप में 32GB के बजाय फोन में 64GB तक की इंटरनल स्टोरेज है। रेडमी 10A का मुकाबला टेक्नो पोवा नियो, रियलमी C11 (2021) और सैमसंग गैलेक्सी M02 से होगा। भारत में रेडमी 10A की 3GB रैम+32GB स्टोरेज वैरिएंट की कीमत 8,499 रुपए जबकि 4GB+64GB वर्जन की कीमत 9,499 रुपए है। रेडमी 10A को देश में शाओमी की वेबसाइट और ऑफिशियल स्टोर के जरिए 26 अप्रैल दोपहर 12 बजे से खरीद पाएंगे। यह चारकोल ब्लैक, सी ब्लू और स्लेट ग्रे में कलर ऑप्शन में मिलेगा। कंपनी का दावा है कि फोन का टेक्सचर्ड रियर पैनल स्मज-फ्री रहेगा। सितंबर 2020 में, रेडमी 9A को भारत में 2GB + 32GB वैरिएंट के लिए 6,799 रुपए और 3GB+32GB वैरिएंट के लिए 7,499 रुपए की कीमत पर लॉन्च किया गया था।

# सुस्ती के बावजूद चीन से दोगुनी रहेगी भारत की ग्रोथ रेटः आईएमएफ



नई दिल्ली/ यूटर्न / 20 अप्रैल। विश्व बैंक के बाद अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वर्ष 2022 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को घटा दिया है। मंगलवार को आइएमएफ की तरफ से जारी रिपोर्ट में इस वर्ष के लिए भारत की इकोनॉमी में 8.2 फीसद की वृद्धि दर होने का अनुमान लगाया है। पहले 9 फीसद वृद्धि दर का अनुमान था। हालांकि नए आकलन में वृद्धि दर की रफ्तार घटने के बावजूद भारतीय इकोनॉमी चीन के मुकाबले तकरीबन दोगुनी रफ्तार से आगे बढ़ेगी। आइएमएफ ने इस वर्ष चीन की इकोनॉमी की वृद्धि दर 4.4 फीसद रहने की बात कही है। वैश्विक इकोनॉमी की वृद्धि दर अनुमान को भी आइएमएफ ने 6.1 फीसद से घटा कर 3.6 फीसद कर दिया है। विश्व बैंक ने भी पिछले हफ्ते भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर अपने अनुमानों को घटा दिया था। आइएमएफ की रिपोर्ट कहती है कि वर्ष 2023 में भारत की विकास दर घट कर 6.9 फीसद पर आ जाएगी। जबकि वर्ष 2021 में देश की विकास दर 8.9 फीसद रही थी। दो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की तरफ से विकास दर अनुमान घटाने का साफ मतलब है कि यूक्रेन-रूस युद्ध का दुनिया भर में बहुत ही उल्टा असर होने वाला है। आइएमएफ ने यह बात भी कही है। इसने यूक्रेन-रूस के अलावा खाद्य उत्पादों की कीमतों में भारी वृद्धि को भी एक बड़ी वजह बताया है। अगर विकास दर अनुमान में गिरावट के लिहाज से देखें तो आइएमएफ ने जापान और भारत के लिए ही इतनी ज्यादा गिरावट की बात कही है। इन दोनो देशों की इकोनॉमी में पेट्रो उत्पादों का बड़ा हिस्सा है और इसके लिए ये अधिकांश तौर पर आयात पर निर्भर है। अब जबकि क्रूड की कीमतें काफी बढ़ गई है तो इनकी विकास दर प्रभावित होने की संभावना बन गई है। कई घरेलू एजेंसियों ने भी भारत की विकास दर के अनुमान को कम किया है।

# एचडीएफसी 10% हिस्सेदारी एचडीएफसी कैपिटल में बेचेगी

नई दिल्ली / यूटर्न / 20 अप्रैल। एचडीएफसी लिमिटेड ने बुधवार को अपनी निजी इक्विटी शाखा एचडीएफसी कैपिटल एडवाइजर्स में 10 प्रतिशत हिस्सेदारी अबू धाबी निवेश प्राधिकरण (एडीआईए) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी को बेचने की घोषणा की है। यह सौदा करीब 184 करोड़ रुपये का है। बता दें कि एडीआईए 3 अरब अमेरिकी डॉलर-एचडीएफसी कैपिटल द्वारा प्रबंधित वैकल्पिक निवेश कोष में प्राथमिक निवेशक भी है। एचडीएफसी लिमिटेड ने बयान में कहा कि 2016 में स्थापित एचडीएफसी कैपिटल, एचडीएफसी कैपिटल अफोर्डेबल रियल एस्टेट फंड 1, 2 और 3 की निवेश प्रबंधक है। इसके साथ ही, आवास आपूर्ति बढ़ाने के सरकार के लक्ष्य के अनुरूप है। यह प्रधानमंत्री आवास योजना- 'सभी के लिए आवास' पहल का समर्थन करती है। बयान में कहा गया कि एचडीएफसी कैपिटल द्वारा प्रबंधित फंड शुरुआती चरण की फंडिंग सहित किफायती और मध्यम आय वाले आवास परियोजनाओं की लाइफ साइकिल के लिए लॉन्ग-टर्म तथा फ्लेक्सिबल फंडिंग प्रदान करते हैं। इसके अलावा, फंड किफायती आवास पारिस्थितिकी तंत्र में लगी फिन-टेक और क्लीन-टेक जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों में निवेश करेंगे। इस महीने की शुरुआत में एचडीएफसी ने देश के सबसे बड़े निजी ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के साथ कंपनी के विलय की घोषणा की थी। स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, एक बार सौदा प्रभावी होने के बाद एचडीएफसी बैंक 100 प्रतिशत सार्वजनिक शेयरधारकों के स्वामित्व वाली कंपनी होगी और एचडीएफसी के मौजूदा शेयरधारकों के पास बैंक का 41 प्रतिशत हिस्सा होगा।

# भारत के गैर-बासमती चावल निर्यात में आया 109% का उछाल



नई दिल्ली / यूटर्न / 20 अप्रैल। भारत का गैर-बासमती चावल निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 2925 मिलियन अमरीकी डॉलर से 109 प्रतिशत की अद्भुत वृद्धि के साथ वित्त वर्ष 2021-22 में 6115 मिलियन अमरीकी डॉलर पर पहुंच गया। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से यह जानकारी दी गई है। जारी बयान में कहा गया, DGCIS के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने 2021-22 में दुनिया भर के 150 से अधिक देशों को चावल का निर्यात किया। इनमें से 76 देशों को एक मिलियन अमरीकी डालर से अधिक का निर्यात किया, यह बीते सालों में भारत के चावल निर्यात के विविधीकरण को इंगित करता है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने एक ट्वीट में ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए कहा है कि मोदी सरकार की नीतियों ने किसानों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की है।

मंत्रालय की ओर से कहा गया कि DGCIS के आंकड़ों के अनुसार भारत ने 2019-20 में 2015 मिलियन अमरीकी डॉलर के गैर-बासमती चावल का निर्यात किया था, जो 2020-21 में बढ़कर 4799 मिलियन अमरीकी डॉलर और 2021-22 में 6115 मिलियन अमरीकी डॉलर हो गया है।

# देश में महंगाई ज्यादा नहीं हैः सीतारमण



नई दिल्ली / यूटर्न / 20 अप्रैल। एक ओर जहां देश में महंगाई की मार से जनता बेहाल है, तो वहीं दूसरी ओर वित्त मंत्री ने सरकार का बचाव कुछ अलग ही अंदाज में किया है। भले ही यहां ईंधन, खाने का तेल, फल-सब्जियां और रोजमर्रा के सामानों के दाम आसमान छू रहे हैं। इन दिनों अमेरिका के दौरे पर गई निर्मला सीतारमण ने कहा है कि देश में महंगाई ज्यादा नहीं है। अमेरिका के वाशिंगटन में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमारे सामने कई वैश्विक चुनौतियां हैं। अंतरराष्ट्रीय कारणों और भू-राजनैतिक हालात के चलते क्रूड के भाव हों या जिंस की कीमत सभी आसमान पर हैं। इन हालातों के कारण दुनियाभर के देशों की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हैं। सीतारमण ने कहा कि इन हालातों के बावजूद भी भारत में खुदरा महंगाई की दर 6.9 फीसदी है। जबकि, हमारा टारगेट चार फीसदी है और इसमें दो फीसदी प्लस या माइनस की गुंजाइश है। इस तरह हम टारगेट के हिसाब से छह फीसदी तक पहुंच सकते हैं। भले ही हमने इस छह फीसदी के स्तर को पार कर लिया हो, लेकिन हम अभी इससे बहुत आगे नहीं निकले हैं। देश में महंगाई की स्थिति पर नजर डालें तो आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में खुदरा महंगाई का स्तर 6.95 फीसदी पर पहुंच गया, जो कि 17 महीने में सबसे ज्यादा उच्च स्तर है। इससे पिछले महीने फरवरी में खुदरा महंगाई 6.07 फीसदी की दर से बढ़ी थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, रूस-यूक्रेन युद्ध का असर देश में बढ़ी महंगाई के रूप में सामने आया है। वहीं थोक महंगाई के मोर्चे पर भी देश की जनता को करारा झटका लगा है। मार्च महीने में थोक महंगाई दर 14.55 फीसदी के स्तर पर पहुंच चुकी है। गौरतलब है कि इससे पहले फरवरी महीने में यह 13.11 की दर से बढ़ी थी।

# विगत सरकार में रितेश प्रापर्टीज एंड इंडस्ट्री लि. के खिलाफ प्रदर्शन करने वाली आम आदमी पार्टी ने अपनी सरकार में बना डाला राज्यसभा एमपी

लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। विगत कांग्रेस सरकार में इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की मॉडल टाउन इलाके में करीब 350 करोड़ रूपये की 3.75 एकड़ प्राइम लैंड को 100 करोड़ से भी कम बोली अलॉटमेंट मामले में विवादों के बाद रद्द होने से फजीहत करवा चुकी रितेश प्रापर्टीज एंड इंडस्ट्रीज अब आम आदमी पार्टी की सरकार में इंडस्ट्रियल लैंड का गलत ढंग से सीएलयू करवाने की चर्चाओं के साथ विवादों में आ गई है। लोगों में चर्चा है कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन का हवाला देकर सत्ता में आई आम आदमी पार्टी की सरकार ने भी पहले ही दिन से भ्रष्टाचार का बोलबाला प्रतीत हो रहा है। क्योंकि मॉडल टाउन

RPIL Ritesh Properties & Industries Ltd

प्राइम लैंड की औने-पौने दामों पर नीलामी के खिलाफ खुद धरना लगाने वाली आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आते ही उसी अलॉटी कंपनी रितेश प्रापर्टीज एंड इंडस्ट्रीज के मालिक संजीव अरोड़ा उर्फ सनी को अपनी ही पार्टी से राज्यसभा एमपी बना दिया है। इससे आम आदमी पार्टी के सुप्रीमों अरविंद केजरीवाल व सीएम भगवंत मान सवालों के घेरे में आ गये हैं। गौरतलब है कि वर्ष 1992 में बेअंत सरकार द्वारा चंडीगढ़ रोड मुंडिया कलां गावं में इंडस्ट्री लगाने व रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्री को सब्सिडाइज कीमतों पर अलॉट हुई 50 एकड़ जमीन पर लगभग 2000 फ्लैट बना दिये गये हैं। जानकारों के अनुसार केवल दो करोड़ रूपये की कीमत में 20 साल की आसान किश्तों पर अलॉट की गई इस जमीन की वर्तमान बाजारी कीमत लगभग 2500 करोड़ रूपये है।

**बात करने से बचते रहे सनी अरोड़ा**



रितेश इंडस्ट्रीज के सनी अरोड़ा से संबंद साधा गया तो उन्होंने तोड़ी देर में बात करने की बात कहकर फोन रख दिया। और बाद में फोन नहीं उठाया।

## फ्री में मिली जमीन पर बनाए अरबों के फ्लैट!



पीएसआईईसी के पूर्व चेयरमैन अमरजीत टिक्का का कहना है कि कानून के मुताबिक इंडस्ट्री के लिए अलॉट की गई लैंड पर इंडस्ट्रियल इकाइयों को ही लगाया जा सकता है परंतु आरपीआईएल कंपनी ने वंडरमिल्क प्लांट के बंद होने के बाद बाहुबलियों व सरकारी अफसरों से सांठ-गांठ कर न केवल सीएलएयू की नियमों की उल्लंघना की बल्कि फ्री के भाव मिला करोड़ों की जमीन पर अरबों रूपये के फ्लैट बनाकर सिस्टम में गलत प्रचलन की शुरुआत कर दी है। अगर इसे रोका नहीं गया तो अन्य 49 अलॉटी भी अपनी इंडस्ट्रियल लैंड पर इसी प्रकार फ्लैट की निर्माण कर सकते हैं।

## इंडस्ट्रियल इलाके में रिहायशी फ्लैट बनाना जनता के जीवन से खिलवाड़



बोर्ड के पूर्व चेयरमैन के.के. बावा ने कहा कि संवैधानक तौर पर इंडस्ट्रियल जमीन पर रिहायशी फ्लैट बनाना खुलेआम जनता से धोखा है। बावा के अनुसार अगर फेस 8 फोकल प्वाइंट का यह इलाका पूरी तरह से इंडस्ट्रियल इलाका है। इंडस्ट्रियल क्षेत्र में रिहायशी फ्लैट बनाने की मंजूरी देने वाले मंत्री व अधिकारी आम जनता के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। क्योंकि रिहायशी फ्लैटों के साथ किस प्रकार के प्रदूषण व केमिकल वाली इंडस्ट्री चल रही है इसका अंदाजा भी ननहीं लगाया जा सकता। जैसे शहर के पॉश रिहायशी इलाके में इंडस्ट्री नहीं लगाई जा सकती वैसे फोकल प्वाइंट फेस 8 के इंडस्ट्रियल इलाके में रिहायशी फ्लैट बनाना गलत है।

# अपेक्स चैंबर की ओर से इंडस्ट्रियल समस्याओं को लेकर पुलिस प्रशासन व इंडस्ट्री इंटरैक्शन आयोजित




लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। बुधवार को होटल आगाज में महानगर में बिगड़ते लॉ एंड ऑर्डर, इंडस्ट्री से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझाव को लेकर इंडस्ट्री व पुलिस प्रशासन के बीच इंटरैक्शन मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधान रजनीश अहूजा के नेतृत्व में आयोजित मीटिंग में दो दर्जन से ज्यादा उद्योगिक संगठनों के प्रधानों ने पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा को विभिन्न इंडस्ट्रियल इलाकों की समस्याओं से अवगत करवाते हुए उन्हें हल करने संबंधी सुझाव भी दिये। कमिश्नर शर्मा ने भी कारोबारियों को शहर में अमन-कानून और वर्क फ्रेंडली वातावरण मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। -फोटोः मुनीश वशिष्ठ

## राजा वड़िंग ने कांग्रेस की मजबूती के लिए राणा के साथ किया विचार विमर्श

### कांग्रेस का संगठनात्मक ढांचा मजबूत कर मायूस कार्यकर्ताओ के हौंसले बुंलद कर कांग्रेस को करेंगे मजबूत : राजा वड़िंग

लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष डिंपल राणा ने शिवपुरी चौंक स्थित अपने कार्यालय में पंहुचे पंजाब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजा वडिंग़ का परम्परागत अंदाज में स्वागत किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष भारत भूषण आशू, पूर्व विधायक संजय तलवाड़, कांग्रेसी नेता ईश्वरजोत चीमा भी मौजूद रहे। इस दौरान राजा वडिंग़ ने डिंपल राणा के साथ यूथ कांग्रेस में पार्टी की बेहतरी के लिए किए कार्यो पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डिंपल राणा ने कांग्रेस पार्टी को संगठन की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता को योगयता के अनुसार बूथ,वार्ड व ब्लाक स्तर से लेकर राज्य स्तर पर प्रमुख संगठन, महिला कांग्रेस व यूथ कांग्रेस के नए व पुराने कार्यकर्ताओं को मान सम्मान देने का



सुझाव दिया। राजा वंडिग़ ने पार्टी को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि कार्यकर्ता को पार्टी की नींव बताते हुए कहा कि मजबूत नींव के बिना कोई भी संगठन मजबूत नहीं हो सकता है। वहीं पार्टी किसी एक शख्स की मर्जी से नहीं बल्कि समूह नेतृत्व के सहयोग से चलेगी। उन्होने आगामी निगम चुनाव के लिए कांग्रेसजनों को बुंलद हौंसले के साथ तैयारी करने का आहवान करते हुए कहा कि कांग्रेस का वोट अगर संभाल लिया जाए तो कांग्रेस की जीत को कोई ताकत रोक नहीं सकती। लुधियाना फेरी बारे उन्होने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें संगठन को मजबूती करने की जिम्मेंदारी सौंपी है। इसी निति के तहत ही वह पहले चरण में पार्टी के पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ताओ से संपर्क कर रहे हैं।

## श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस ने 15 शाखाओं में लॉन्च किया गोल्ड लोन

लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। श्रीराम समूह की एक इकाई श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड (श्रीराम सिटी) ने पंजाब में 15 शाखाओं में अपने गोल्ड लोन को लॉन्च करने की घोषणा की। इनमें अमृतसर, भटिंडा, पटियाला, पठानकोट, फिरोजपुर, जालंधर, लुधियाना, मानसा आदि शामिल हैं। कंपनी ने हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, नई दिल्ली, राजस्थान और उत्तरांचल सहित छह राज्यों में 55 शाखाओं में यह प्रोडक्ट लॉन्च किया है। गोल्ड लोन की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। कंपनी के पास दक्षिण भारत में एक मजबूत गोल्ड लोन फ्रैंचाइज़ी है और इसका उद्देश्य उत्तरी क्षेत्र में भी इसी सफलता को दोहराना है। गोल्ड लोन




की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए श्रीराम सिटी के एमडी और सीईओ वाई. एस. चक्रवर्ती ने कहा, ''भारत में फिजिकल ऐसेट्स के प्रति लोगों के मन में अपार आत्मीयता नजर आती है, और इनमें से सोना सबसे अलग ही चमकता है। हमने श्रीराम के क्रेडिट-टेस्टेड ग्राहकों को उधार देने के अपने दृष्टिकोण की शुरुआत की, और मजबूत मांग, अच्छी क्रेडिट गुणवत्ता और पुनर्भुगतान पर कोई दबाव नहीं देखा है। दिसंबर-21 तक हमारी गोल्ड लोन बुक 4,110 करोड़ रुपए की है।

# फिक्की एफएलओ मेंबर्स ने निर्दोष स्कूल में अर्थ डे सेलिब्रेट कर बच्चों के साथ किया पौधरोपण



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। फिक्की एफएलओ लुधियाना चैप्टर की ओर से एक मुहिम चलाई गई जोकि अर्थ डे पर रही। एफएलओ मेंबर्स चेयरपर्सन नेहा गुप्ता ओर इंवायरनमेंट प्रोजेक्ट (एक वैन) प्रमुख मोनिका आर्य की अध्यक्षता में निर्दोष स्कूल में पहुंचे। मेंबर्स ने स्कूल के स्पेशल बच्चों के साथ पौधारोपण किया। हर साल ही 22 अप्रैल को विश्व भर में अर्थ डे सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल उन्होंने इन्वेस्ट इन आवर प्लैनेट थीम पर पौधरोपरण किया। मेंबर्स ने स्कूल के स्टाफ को भी पौधे दिए ताकि वह अपने आसपास या घरों में पौधे लगाएं और दूसरे लोगों को भी इसमें भागीदारी लेने के लिए प्रेरित करें। एफएलओ की सदस्यों ने बच्चों को बताया गया कि वर्तमान में पौधे लगाने बहुत ही जरूरी है। वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए पौधे लगाने बहुत ही जरूरी है। मेंबर्स ने इस दौरान प्रण भी लिया कि वह लगाए गए पौधों की संभाल भी करेंगे। इस दौरान साथ में सनम मेहरा, मन्नत कोठारी, अमन संधू, अंकिता गुप्ता, अनामिका घई,आशु खुराना, सिम्मी कंवर, प्रीति वोहरा, दीपिका पाठक, मुक्त शर्मा, रिचा बस्सी, अमन टकयार, रुचि गुप्ता, रिद्धिमा चोपड़ा, कम्मा सिंह और अलका छाबड़ सहित मौजूद रहे। -फोटोः विशाल ढल्ल

# सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों की क्षमता बढ़ाकर 1200 एमएलडी कर दी गई है: गोगी

## मौजूदा जरूरतों से निपटने के लिए 703 एमएलडी सरकार से फंड लेकर बेहद कम क्षमता बढ़ाई जाएगी: विधायक गोगी

▶ पंजाब जलापूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए

नवीन गोगना



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। लुधियाना (पश्चिम) निर्वाचन क्षेत्र से विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी ने बुधवार को बताया कि सभी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की क्षमता 1200 एमएलडी तक बढ़ा दी गई है। यह मौजूदा जरूरतों को पूरा करने के लिए 703 एमएलडी तक किया जाएगा। इसकी वर्तमान क्षमता बेहद कम है। उन्होंने कहा कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए क्षमता बढ़ाई जाएगी ताकि लोगों को किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने पंजाब जलापूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों को इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया, जिसके बाद वह इस मामले को पंजाब सरकार के समक्ष उठाकर फंड हासिल करेंगे। यह बात विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी ने आज नगर निगम के वन-डी कार्यालय सराभा नगर में आयोजित बैठक में कही। बैठक में मुख्य रूप से नगर आयुक्त प्रदीप कुमार सभरवाल, जोनल कमिश्नर जसदेव सिंह सेखों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। विधायक गोगी ने कहा कि सभी एसटीपी (निर्माणाधीन सहित) की मौजूदा क्षमता 703 एमएलडी है। (मिलियन लीटर प्रतिदिन)। उन्होंने कहा कि एक मोटे अनुमान के अनुसार एक व्यक्ति प्रतिदिन 150-165 लीटर पानी की खपत करता है और जिला लुधियाना की आबादी को ध्यान में रखते हुए मौजूदा 703 एमएलडी की खपत होगी।

वर्तमान जनसंख्या के लिए शहर की क्षमता अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने इस मुद्दे को नज़रअंदाज कर दिया था कि ₹अगर हम लोगों के कल्याण के लिए धन खर्च करते हैं, तो इसे इस तरह से खर्च किया जाना चाहिए कि कम से कम अगले 15-20 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने पंजाब जलापूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों को मौजूदा निगरानी समिति को तत्काल भंग कर विशेषज्ञों की नई कमेटी बनाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों द्वारा सिधवां वाटरफ्रंट प्रोजेक्ट को तोड़े जाने का मामला भी उठाया। उन्होंने नगर आयुक्त को अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने कहा कि नगर निगम के सहायक आयुक्त आदित्य दचलवाल पहले से ही मामले की जांच कर रहे हैं और जल्द ही अपनी रिपोर्ट देंगे। आज की बैठक में जिन विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें हम्वडा रोड पर डॉग हॉस्टल का निर्माण, सड़कों से आवारा पशुओं का प्रबंधन, बुद्ध नाला के किनारे सफाई अभियान, सिटी बस सेवा, नगर निगम के सभी 4 जोनल कार्यालयों में कैंटीन खोलना, वेंडिंग शामिल थे।

# गडवासू दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने की शिरकत



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। पीएयू के पाल आडिटोरियम में गुरु अंगद देव वेटरनरी एंड एनिमल साइंस यूनिवर्सिटी का वार्षिक दीक्षांत समारोह आयोजित। समारोह की अध्यक्षता पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित ने की, जबकि वेटरनरी काउंसिल आफ इंडिया के अध्यक्ष डा. उमेश चंद्र शर्मा विशेष मेहमान के तौर पर शामिल हुए हैं।दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने यह डिग्री मास्टर वेटरनरी साइंस, मास्टर आफ वेटरनरी साइंस व मास्टर आफ साइंस बायोटेक्नोलाजी, बैचलर आफ वेटरनरी साइंस एंड एनिमल हजबेंडरी, बैचलर आफ डेयरी साइंस एंड टेक्नोलाजी, बैचलर आफ फिशरीज साइंस व बैचलर आफ बायोटेक्नोलाजी के लिए दी। समारोह के 24 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए । राज्यपाल ने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हो सका हूं। सभी ग्रेजुएट्स को बधाई। सभी अभिभावकों को बधाई, जिन्होंने अपने बच्चों को इस क्षेत्र में भेजा। देश की अर्थव्यवस्था में पशु पालन क्षेत्र का बहुत बड़ा योगदान है। यह भारतीय खेती के लिए स्पोर्टिंग सिस्टम है। किसानों की आय को बढाने में पशु पालन का सबसे बड़ा रोल है। इस क्षेत्र को मजबूत बनाकर न सिर्फ स्वस्थ भारत के मिशन को पूरा किया जा सकता है, बल्कि किसानों की आय दोगुनी हो सकती है।

# मां भगवती जागरण 23 को, तैयारियां शुरू



लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ व मां वैष्णो देवी चेरटिबल अस्पताल के सहयोग से कराएं जा रहे 35वें मां भगवती जागरण को लेकर मीटिगों का दौर जारी है। आज की मीटिग राजेश जैन बाबी, राजेश जैन मोनिका की अध्यक्षता में दाल बाजार व चावला बाजार में हुई। मीटिग में शंकर गारमेंटस के बजरंग अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, वहीं हैंपी खुराना गारमेंटस से लक्की खुराना, हैंपी खुराना के साथ मीटिग कर उनको जागरण का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर बजरंग अग्रवाल ने कहा कि न्यू यंग फाइव स्टार क्लब सहित संघ व अस्पताल के सहयोग से धार्मिक सहित जो सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर भाग ले रही है। इस अवसर पर राजेश जैन बाबी ने कहा कि न्यू यंग फाइव स्टार क्लब, भोले बावा रत्न मुनि जैन युवा संघ व मां वैष्णो देवी चेरटिबल अस्पताल के सहयोग से 35वां मां भगवती जागरण 23 अप्रैल दिन शनिवार को किग पैलेस सुंदर नगर में सायं 8 से प्रभु इच्छा तक कराया जा रहा है। मां ज्वाला जी की ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी। शहर के धार्मिक सहित, सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनैतिक संगठन के गणमान्य जागरण की शोभा बढ़ाएंगे। राजेश जैन मोनिका ने कहा कि मां भगवती जागरण में प्रसिद्ध गायक अमेंद्र सिंह बाबी, शिष्य गुरदास मान, नीटू चंचल एंड पार्टी कैथल वाले महामाई का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर राजेश जैन बाबी, राजेश जैन मोनिका सहित अमित गुप्ता, हरेंद्र हैंपी, राजीव जैन, हरेंद्र सिंह हैंपी, धीरज जैन, अमित जैन काका, कपिल जैन, अमन जैन, लवली भंडारी, सार्थक जैन, राजेश पाहवा, सन्नी जैन, अंकित जैन, गौरव जैन, ममलेश जैन, मन्नू आहुजा, विक्की शर्मा, आदि शामिल थे।

# राहत की फरियाद लेकर आप विधायकों से मिले रेस्टोरेंट, ढाबा व होटल कारोबारी




लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। महानगर में लगातार बढ़ रहे क्राइम पर नियंत्रण डालने के उद्देश्य से गत दिनों पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा द्वारा होटल, रेस्टोरेंट व ढाबे को रात 11 बजे तक ही खुलने के जारी आदेशों से नाराज शहर के रेस्टोरेंट मालिकों ने सर्किट हाउस में शहर के 4 विधायकों के साथ मीटिंग का आयोजन किया। बसंत आइस्क्रीम के राजेंद्र बसंत, भुपिंदर बसंत, हॉट ब्रेड के सतिंदर कुकरेजा, हरजिंदर कुकरेजा, बाबा चिकन के कंवलजीत सिंह के नेतृत्व में आयोजित मीटिंग में रेस्टोरेंट मालिकों ने नवनियुक्त विधायकों, गुरप्रीत गोगी, अशोक परासर पप्पी, कुलवंत सिंह संधू, मदन लाल बग्गा से व्यापार की दुहाई देते हुए उन्हें रात्रि 12 बजे तक रेस्टोरेंट खोलने देने की गुहार लगाई। राजिंदर बसंत ने कहा क कोवनिड के दौरान पहले ही रेस्टोरेंट ढावा व होटल इंडस्ट्री की कमर टूट चुकी है ऐसे में जहां वे कोविड के दुष्प्रभावों प्रभाव से बाहर आने का प्रयास कर रहे हैं वहीं एक बार फिर 11 बजे तक समय का पाबंदियां उनकी इंडस्ट्री को बुरी तरह से प्रभावित करेगी। उन्होंने कहा कि वे शहर में बिगड़ती स्थित को समझते हैं परंतु गर्मियों के दिनों के कारण होटल व रेस्टोरेंट इंडस्ट्री का मुख्य कार्य रात्रि 9-12 के बीच हो पाता है इसलिए उनकी इंडस्ट्री को केवल एक घंटा ज्यादा अर्थात रात्रि 12 बजे तक खुलने की इजाजत दी जाए। होटल ढावा कारोबिरियों का मांग को समझते हुए आप विधायकों ने कहा कि वे पुलिस कमिश्नर से मिलकर उन्हें राहत दिलवाने का प्रयास करेंगे परंतु उनकी प्राथमिकता व प्रथम जिम्मेदारी शहर की आम जनता को अमन व कानून उपलब्ध करवाना है। उधर अपेक्स चेंबर की मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नर कौस्तुभ शर्मा ने कहबा कि उन्हें होटल कारोबारियों का फरियाद के बारे में जानकारी मिला है लेकिन फिलहाल शहर में अमन कानून कायम करने की है। जैसे ही मौका मिलेगा वो कारोबारियों को राहत देने की कोशिक करेंगे।

## निर्धारित समय से एक घंटा देरी से पहुंचे आप विधायक

बुधवार को सर्किट हाउस में होटल इंडस्ट्री की फरियाद सुनने पहुंचे सभी आप विधायक दिये गये समय से लगभग एक घंटे बाद मीटिंग में पहुंचकर कारोबारियों से मीटिंग की। इससे पहले वे सर्किट हाउस में पहुंचने के बावजूद नीचे बंद कमरे में अपनी बैठक करने में व्यस्त दिखे। जिसके चलते कारोबारियों को लगभग एक घंटा इंतजार करना पड़ा।

# विरासती मेले के दौरान प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं










लुधियाना / यूटर्न / 20 अप्रैल। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में आयोजित विरासती मेले के दौरान छात्र मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेते हुए, कढ़ाई प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।

## खबर जरा हटके

### वर्ल्ड लिवर डे: इस तरह रखें अपने लिवर का ध्यान




लिवर यकीनन आपके शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है, जिसे सैकड़ों कार्य करने होते हैं। यह वसा को तोड़ता है, आपके रक्त से विषाक्त पदार्थों और अन्य हानिकारक रसायनों को निकालता है और संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। आपका लिवर डैमेज को स्वयं रिपेयर कर सकता है। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है कि जब लिवर के लिए खुद को रिपेयर करना संभव नहीं होता। उस समय स्थिति भयावह हो जाती है। आपके साथ यह समस्या ना हो, इसलिए जरूरी है कि आप अपने लिवर का सही तरह से ख्याल रखें। तो चलिए आज हम आपको बता रहे हैं कि आप अपने लिवर का ख्याल किस तरह से रख सकते हैं-एक्सरसाइज आपके पूरे शरीर के लिए बेहतर मानी जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि यह लंबे समय तक आपके लिवर को स्वस्थ रखने में मददगार है। आप वॉकिंग से लेकर साइकिलिंग आदि कर सकती हैं। इसके अलावा पैदल शॉपिंग पर जाना या लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करके आप खुद का ख्याल रख सकती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि वजन को नियंत्रित रखने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने वजन को नियंत्रित रखें। 2010 में नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इन्फॉर्मेशन द्वारा प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला कि 30 से अधिक बीएमआई वाले 65 प्रतिशत मोटे लोगों में नॉन-अल्कोहल फैटी लीवर रोग था, और 40 से अधिक बीएमआई वाले लोगों में यह आंकड़ा 85 प्रतिशत तक बढ़ गया।

## आज का विचार




## कार्टून-कोना, राज-नीति







# चिंता का कारण बन रहे हैं निरंतर हो रहे रेल हादसे, सरकार कब लेगी सबक?



15 अप्रैल की रात एक और बड़ी रेल दुर्घटना हुई, जब मध्य रेलवे के माटुंगा-दादर के बीच दादर से पुडुचेरी जाने वाली दादर पुडुचेरी एक्सप्रेस के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए थे और उसी समय गडग एक्सप्रेस भी इस ट्रेन से टकराते-टकराते बची थी। इस रेल दुर्घटना के 15 घंटे बाद इस रूट पर रेल सेवा पूरी तरह बहाल की जा सकी। पिछले करीब तीन महीने से एक के बाद एक होती रेल दुर्घटनाओं से रेलवे के सुरक्षा प्रबंधों पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हालांकि 13 जनवरी को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के दोमोहानी इलाके में हुई भीषण रेल दुर्घटना के बाद इतनी बड़ी दुर्घटना तो नहीं हुई है लेकिन लगातार हो रही छोटी रेल दुर्घटनाओं की अनदेखी करना भी उचित नहीं होगा क्योंकि ये दुर्घटनाएं भी यह सचेत करने के लिए पर्याप्त हैं कि भारतीय रेल प्रणाली में सब कुछ दुरुस्त नहीं है। ऐसे हर छोटे-बड़े हादसों में रेल तंत्र की लापरवाही स्पष्ट उजागर होती रही है। अगर हाल के दिनों की कुछ रेल दुर्घटनाओं पर नजर डालें तो 3 अप्रैल को महाराष्ट्र में नासिक के निकट जयनगर एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने के कारण एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उसी दिन जोगबनी से कटिहार जा रही डीएमयू का एक्सल टूट जाने से बड़ी दुर्घटना होते-होते बची। 2 अप्रैल को महाराष्ट्र के दौलताबाद स्टेशन के निकट मालगाड़ी के 8 डिब्बे पटरी से उतर गए।

31 मार्च को एटा से आगरा जा रही रेलगाड़ी बड़ी दुर्घटना का शिकार होते-होते टली, दरअसल आगे पटरी टूटी थी और एक श्रमिक महिला ने अपनी लाल साड़ी उतार कर रेल पटरी के बीचों-बीच साड़ी लहराकर चालक को सचेत किया। 28 मार्च को छत्तीसगढ़ के जामगांव रेलवे स्टेशन के निकट एक ही पटरी पर दो मालगाड़ियां आ जाने से उनकी टक्कर हो गई। 5 मार्च को सहारनपुर से दिल्ली आ रही पैसेंजर ट्रेन में अचानक आग लगने से यात्रियों में हड़कंप मच गया था। उससे पहले बिहार के मधुबनी रेलवे स्टेशन पर खड़ी स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस की कुछ बोगियों में भी 19 फरवरी की सुबह एकाएक आग लग गई थी। लापरवाही के चलते लगातार हो रहे ऐसे रेल हादसों की बहुत लंबी फेहरिस्त है लेकिन चिंता की बात यह है कि लगातार होते ऐसे हादसों से कोई सबक नहीं लिए जाते। जब भी बड़ा रेल हादसा घटित होता है तो रेलवे द्वारा भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का रटा-रटाया जवाब सुनने को मिलता है लेकिन थोड़े ही समय बाद जब फिर कोई रेल हादसा सामने आता है तो रेल तंत्र के ऐसे दावों की कलई खुल जाती है। ऐसे रेल हादसों के बाद प्रायः जांच के नाम पर कुछ रेल कर्मचारियों व अधिकारियों पर गाज गिरती है किन्तु समूचा रेल तंत्र उसी पुराने ढर्रे पर रेंगता रहता है। हर रेल हादसे के बाद हादसे के कारणों को लेकर तरह-तरह की बातें कही-सुनी जाती हैं। कभी रेलकर्मियों की लापरवाही की बात सामने आती है तो कभी कहा जाता है कि बाहरी ताकतों ने इसे अंजाम दिया। हर दुर्घटना के बाद जांच के आदेश दिए जाते हैं और जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाती है किन्तु समिति की रिपोर्ट फाइलों में दबकर रह जाती है। यही कारण है कि किसी भी हादसे में कभी पता नहीं चलता कि हादसे में वास्तविक दोषी कौन था?

रेल दुर्घटनाओं के मामले में भारतीय रेलों की क्या दशा है, इसका अनुमान रेल मंत्रालय के ही इन आंकड़ों से लगाया जा सकता है कि 2019 से पहले के साढ़े चार वर्षों में 350 से भी अधिक छोटे-बड़े हादसे हुए थे। रिपोर्ट के अनुसार 2014-15 में जहां 135 रेल हादसे हुए, वहीं 2015-16 में 107 और 2016-17 में 104 रेल हादसे सामने आए। तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु ने संसद में बताया था कि 2012 से 2017 के बीच पांच वर्षों में देश में 586 रेल हादसे हुए, जिनमें 308 बार ट्रेनें पटरी से उतरीं और उन हादसों में 1011 लोग मारे गए, जिनमें पटरी से उतरने वाली ट्रेनों ने ही 347 जानें लीं। रेलवे सेफ्टी और यात्री सुरक्षा से जुड़े एक सवाल के जवाब में संसद में बताया गया था कि रेल हादसों की बड़ी वजह रेलवे स्टाफ की नाकामी, सड़क पर चलने वाली गाड़ियां, मशीनों की खराबी और तोड़-फोड़ रही। 2014-15 के 135 रेल हादसों में 60, 2015-16 में हुए 107 हादसों में 55 और 2016-17 में 30 नवम्बर 2016 तक के 85 हादसों में से 56 दुर्घटनाएं रेलवे स्टाफ की नाकामी या लापरवाही के चलते हुई। तत्कालीन रेलमंत्री सुरेश प्रभु द्वारा 2016-17 के रेल बजट में रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिए 'मिशन जीरो एक्सीडेंट' नामक एक विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की गई थी, जिसके बाद रेल दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित पटरी नवीनीकरण, अल्ट्रासोनिक रेल पहचान प्रणाली तथा प्राथमिकता के आधार पर मानवरहित रेलवे क्रॉसिंग खत्म किए जाने जैसे विभिन्न सुरक्षा उपायों पर कार्य शुरू किया गया था किन्तु ये कार्य बहुत धीमी गति से जारी हैं। हालांकि ट्रेनों की आपस में टक्कर से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 'कवच' नामक सुरक्षा प्रणाली का उपयोग शुरू हो चुका है और धीरे-धीरे इसका दायरा बढ़ाया जा रहा है लेकिन तमाम छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। रेल दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग पाने का बहुत बड़ा कारण है रेल पटरियों की जर्जर हालत, जिन पर सरपट दौड़ती रेलें कब किस जगह बड़े हादसे का शिकार हो जाएं, कहना मुश्किल है। एक तरफ जहां बूढ़ी हो चुकी जर्जर पटरियों पर जवान ट्रेनें सरपट दौड़ रही हैं, वहीं देशभर में लगभग सभी स्थानों पर पटरियां अपनी क्षमता से कई गुना ज्यादा बोझ ढो रही हैं।

# घुम्मकड़ है अंदाज़ और सैर-सपाटे के हैं शौक़ीन तो जाइए सिक्किम



सिक्किम शहर अपने भव्य पहाड़ों, सुंदर झरनों और दर्शनीय मठों से एक अद्भुत अनुभव प्रदान करते हैं। सिक्किम में बहुत से प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर आप छुट्टियों में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो सिक्किम जा सकते हैं। भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित सिक्किम शहर अपने भव्य पहाड़ों, सुंदर झरनों और दर्शनीय मठों के लिए मशहूर है। यह एक छोटा सा खूबसूरत शहर है, जहाँ देश-विदेश से सैलानी घूमने आते हैं। सिक्किम में बहुत से प्रमुख पर्यटन स्थल हैं जो यहाँ आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अगर आप छुट्टियों में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं तो सिक्किम जा सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको सिक्किम के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में बताएंगे-

### लाचुंग

इस खूबसूरत पहाड़ के गाँव में सेब के बाग हैं और यहाँ 19वीं सदी का लाचुंग मठ भी है। लाचुंग का मुख्य आकर्षण युमथांग घाटी या फूलों की घाटी है। यह घाटी अपने झरनों, नदियों, खिले हुए फूलों, घास के मैदानों, देवदार के घने जंगलों और चांदी के देवदार पहाड़ों से घिरे हिमालय के पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। प्रकृति-प्रेमियों के लिए युमथांग घाटी, पृथ्वी पर किसी स्वर्ग से कम नहीं है।

### गुरुडोंगमार झील

उत्तरी सिक्किम में 17,800 फीट की ऊंचाई पर स्थित, गुरुडोंगमार झील दुनिया की सबसे ऊंची झीलों की सूची में अपना नाम शामिल करती है। अपनी लुभावनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ यह झील धार्मिक महत्व भी प्रदान करती है क्योंकि इस झील के पानी को हीलिंग पावर माना जाता है। यह झील आपको कंचनजंगा का एक सुंदर दृश्य भी प्रदान करती है।

### लाचेन

लाचेन, उत्तरी सिक्किम में स्थित है। यह शहर ज्यादा आबादी वाला नहीं है और यही वजह है कि यहां की प्राकृतिक सुंदरता अभी भी बरकरार है। यहाँ के प्रमुख आकर्षण गुरुडोंगमार झील, त्सो ल्हामो झील, और थांगू घाटी हैं।

### त्सोगो लेक / चंगु लेक

यह पूर्वी सिक्किम में एक हिमाच्छादित झील है। यह सिक्किम के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक है। झील के अलावा, यहाँ आप ब्राह्मणी बत्तख, नीले और पीले रंग के फूल और विदेशी याक देख सकते हैं।

### युक्सोम

युक्सोम, पश्चिम सिक्किम का एक ऐतिहासिक शहर है। यह एक ऐसी जगह है जहाँ आप ट्रेक कर सकते हैं। वहीं, अगर आप एकांत में कुछ समय बिताना चाहते हैं तो यहाँ आप प्रकृति की गोद में समय बिता सकते हैं। युक्सोम के अन्य आकर्षण केंद्रों में नॉर्बुगंग पार्क, ताशी तेनका (प्राचीन शाही महल), डबडी मठ और कथोक वोडसलिन मठ शामिल हैं।

### रवंगला

रावंगला एक पर्यटक शहर है जो गंगटोक और पेलिंग के बीच स्थित है। यहाँ के प्रसिद्ध बुद्ध पार्क में एक 130 फुट ऊंची गोल्डन बुद्ध की मूर्ति है। इस जगह पर अन्य मठ हैं जहां आप बौद्ध भिक्षुओं को उनकी प्रार्थना का जप करते हुए सुन सकते हैं। रवांगला से नामची तक, आप टेमी टी गार्डन पाएंगे, जो आपको ताज़गी से भर देगा।

# बुरे दौर से गुजर रहे कोहली क्या प्लेइंग-XI से होंगे बाहर

## 5 साल बाद गोल्डन डक पर आउट हुए, 7 मैच में 20 से भी कम के औसत से बनाए 119 रन

नई दिल्ली। आईपीएल 2022 में विराट कोहली ने 7 मैच में 20 से भी कम के औसत से 119 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 130 से भी कम का रहा है। ऐसा नहीं है कि वो केवल IPL में फ्लॉप हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में भी उनकी आखिरी सेंचुरी 2019 में आई थी। उनके लगातार खराब फॉर्म को देखते हुए लग रहा है कि उन्हें आने वाले मुकाबलों में प्लेइंग इलेवन से भी बाहर किया जा सकता है। आईपीएल का 31वां मैच मुंबई के डीवाई पाटिल मैदान पर बेंगलुरु और लखनऊ के बीच खेला गया। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीता और गेंदबाजी करने का फैसला किया। RCB के लिए अनुज रावत और फाफ डु प्लेसिस सलामी बल्लेबाजी करने आए, लेकिन अनुज 4 रन बनाकर आउट हुए। अनुज के आउट होने के बाद मैदान पर उतरे विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद थी। गेंद श्रीलंका के दुष्मंथ चमीरा के हाथ में थी। उन्होंने ऑफ स्टंप के बाहर बैक ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। गेंद गिरने के बाद ऑफ स्टंप से बाहर गई। विराट बैकफुट पर जाकर कट करना चाहते थे और पहली ही गेंद पर दीपक हुड्डा को कैच दे बैठे। पूरे 5 साल बाद विराट आईपीएल में गोल्डन डक पर आउट हुए। लखनऊ के खिलाफ मैच से ठीक 4 साल पहले यानी 19 अप्रैल 2019 को कोलकाता के ईडन गार्ड्न्स मैदान पर आरसीबी और केकेआर के बीच मैच खेला गया था। मैच में केकेआर के कप्तान दिनेश कार्तिक ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। RCB के लिए सलामी बल्लेबाजी




करने विराट कोहली और पार्थिव पटेल आए थे। पार्थिव तो 11 गेंद में 11 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन आरसीबी के कप्तान विराट उस दिन अलग ही मूड में थे। मैच में विराट ने 58 गेंदों का सामना किया और 100 रन जड़ दिए। उनके बल्ले से 9 चौके और 4 छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 172.41 का था। 2019 में जब विराट मैदान पर आते थे, तब फैंस को ये उम्मीद होती थी कि उनके बल्ले से रन जरूर निकलेंगे, लेकिन पिछले 4 साल में कोहली का खेल पूरी तरह से बदल गया है। अब ना बल्ले से रन निकल रहे हैं और ना किस्मत साथ दे रही है। इस सीजन में कोहली के बल्ले से एक भी फिफ्टी नहीं निकली है। आईपीएल में 5 शतक लगा चुका ये दिग्गज 2021 में भी खराब फॉर्म से गुजरा था। सीजन में विराट ने 15 मैच खेले और सिर्फ 119.46 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। वहीं, 2020 के सीजन में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ 121.35 का था। टीम इंडिया के लिए विराट का आखिरी शतक 23 नवंबर 2019 को बांग्लादेश के खिलाफ आया था। इसके बाद उनके बल्ले से एक भी सेंचुरी नहीं निकली है। विराट के फैन उनकी बड़ी पारी देखने को तरस गए हैं। हर मुकाबले में वो कोहली से अच्छी पारी की उम्मीद लगाकर स्टेडियम जाते हैं और उन्हें सिर्फ निराशा ही हाथ लगती है। इंटरनेशनल क्रिकेट में 70 शतक लगा चुके इस खिलाड़ी पर कितना भरोसा जताया जा सकता है, वह तो टीम मैनेजमेंट ही तय करेगा, लेकिन ये सच है कि पिछले कुछ सालों से कोहली का जादू फीका पड़ गया है। आईपीएल 2022 में ऐसा लगा था कोहली कप्तानी छोड़ने के बाद अपने पुराने रंग में लौट आएंगे, लेकिन अभी तक ऐसा होता दिख नहीं रहा है।

# थॉरः लव एंड थंडर के टीज़र में नताली पोर्टमैन का लुक देख फैंस हैरान

मार्वल स्टूडियोज की आगामी फिल्म थोरः लव एंड थंडर का पहला टीज़र सोमवार शाम को रिलीज किया गया। ऑफिशियल टीजर काफी घमाकेदार नजर आ रहा है। डेढ़ मिनट के इस टीज़र में तूफानों के देवता थॉर अपने शक्तिशाली अवतार में नजर आ रहे है। क्रिस हेम्सवर्थ इस फिल्म के लिए अपनी फिटनेस पर काम भी कर रहे है। उन्होंने इस फिल्म का टीज़र अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा है, थॉर लव एंड थंडर का पहला टीज़र। क्लासिक थॉर एडवेंचर के सभी अनुभव। आप हंसेंगे आप रोएंगे, फिर आप हंसेंगे और बहुत रोएंगे और भी बहुत कुछ। 8 जुलाई को आप सभी के लिए प्यार और गरज आ रही है। इस फिल्म में फैंस को असगार्ड के नए राजा के रूप में वाल्कीरी की एक झलक भी देखने को मिलेगी। वहीं फिल्म के निर्माताओं ने नताली पोर्टमैन के पहले लुक को थंडर के देवी, माइटी थोर के रूप में पेश किया है। अपने स्टील सूट, केप और अपने हथौड़े से सजी जेन फोस्टर इस नए अवतार में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। टीज़र शेयर करने से पहले मेकर्स ने फिल्म को पोस्टर भी शेयर किया था। पोस्टर में क्रिस हेम्सवर्थ के थोर को अपने आकस्मिक सर्वश्रेष्ठ कपड़े पहने हुए देख सकते हैं, इस पोस्टर में क्रिस अपने हथौड़े को आसमान में ऊंचा उठाते हुए नज़र आ रहे है। पोस्टर काफी रेट्रो फील दे रही है और कैप्शन में लिखा गया है ₹मार्वल स्टूडियोज 'थॉरः लव एंड थंडर केवल 8 जुलाई को सिनेमाघरों में आएगा।



## रनवे 34 के प्रमोशन में स्टाइलिश ऑउटफिट में नजर आईं रकुल

बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह जल्द ही फिल्म 'रनवे 34' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री के अलावा फिल्म में अभिनेता अजय देवगन, बोमन ईरानी और अमिताभ बच्चन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म 'रनवे 34' 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और अभिनेता अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म के प्रचार में लगे हुए हैं। फिल्म के प्रचार के दौरान अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह काफी स्टाइलिश अवतार में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कभी बॉडीकॉन ड्रेस पहने नजर आयीं तो हाल ही में उन्हें ज़ेबरा प्रिंट ऑउटफिट में देखा गया। रकुल प्रीत सिंह के स्टाइलिश लुक्स की तस्वीरें देखने के लिए नीचे स्क्रॉल करें। रकुल प्रीत सिंह ने सोमवार को अपना सबसे लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए रकुल ने कैप्शन में लिखा, अपने सपनों को अपने पंख बनने दो। तस्वीरों में अभिनेत्री ने ज़ेबरा प्रिंट के पॉवरसूट के साथ पिंक कलर की ब्रालेट पहना हुआ है।



# बढ़ती गर्मी के बीच दिशा पाटनी ने शेयर की तस्वीर

बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी अपनी हॉटनेस के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री अपने सेक्सी कर्व्स दिखाने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देती हैं। इसी कड़ी को जारी रखते हुए दिशा ने बीते दिन अपनी एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की। तस्वीर में अभिनेत्री ब्राउन कलर की बिकिनी पहनें नजर आ रही हैं।

धुप में खड़ी होकर दिशा पाटनी बेहद हॉट पोज देते हुए अपने सेक्सी कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। बढ़ती गर्मी के बीच दिशा की इस हॉट तस्वीर ने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है। इस तस्वीर को देखने वालों के लिए खुद को संभालना मुश्किल हो गया है। अभिनेत्री दिशा पाटनी की इस हॉट तस्वीर पर एक मिलियन से ज्यादा लोग अपना दिल हार बैठे हैं। क म ेंट सेक्शन में लोग लव और फायर वाले इमोजी के साथ अभिनेत्री के सेक्सी फिगर की तारीफ़ कर रहे हैं। कई लोग अभिनेत्री के इस लुक से बिलकुल भी खुश नहीं नजर आ रहे हैं और उन्हें ट्रोल करने में लगे हुए हैं। एक सोशल मीडिया यूजर ने अभिनेत्री को ट्रोल करते हुए कमेंट में लिखा, आ गयी दिखाने। एक अन्य ने लिखा, थोड़ा पीछे मूड जाती तो आपका भला हो जाता। अभिनेत्री दिशा पाटनी ने फिल्म 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसके बाद अभिनेत्री बाघी 2, भारत, मलंग, राधे जैसी हिट फिल्मों में नजर आयीं। एक्टिंग से ज्यादा दिशा अपनी हॉटनेस की वजह से लोकप्रिय हुई और आज बॉलीवुड की सबसे हॉट अभिनेत्री में गिनी जाती हैं। काम की बात करें तो अभिनेत्री जल्द ही फिल्म 'एक विलेन रिटर्न्स' में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएगी। फिल्म जुलाई में सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।



यूटर्न टाईम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA
बुधवार 20 अप्रैल 2022

खुद बोलती तस्वीर



प्रदीप कुमार नाथ

आर्टिस्ट प्रदीप कुमार नाथ का वाटर-कलर वर्क...

# दाहोद में पीएम मोदी ने रखी कई परियोजनाओं की आधारशिला

दाहोद / यूटर्नः पीएम मोदी ने बुधवार को लगभग 22 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें दाहोद में रेलवे उत्पादन इकाई में नौ हजार हार्स पावर के इलेक्ट्रिक इंजन के निर्माण की परियोजनाओं भी शामिल है। पीएम मोदी ने कहा कि दाहोद अब मेक इन इंडिया में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद हैं। इस मौके पर पीएम मोदी ने एक आदिवासी महासम्मेलन को भी संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे यहां एक प्राचीन कहावत है कि हम जहां रहते हैं उसका हमारे जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ता है... मेरे सार्वजनिक जीवन के प्रारंभिक कालखंड में उमरगांव से अम्बा जी तक आदिवासी भाइयों का क्षेत्र मेरा कार्यक्षेत्र था। आदिवासियों के बीच रहना, उनसे सीखना और समझना मैंने जाना है। कोई भी आदिवासी क्षेत्र पानी की तरह शुद्ध होता है।



पीएम मोदी ने कहा कि आज दाहोद और पंचमहाल के विकास से जुड़ी 22 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। इन परियोजनाओं में एक पेयजल से जुड़ी योजना भी शामिल है। दूसरी दाहोद को स्मार्ट सिटी बनाने से जुड़ी परियोजना है। पानी की इस परियोजना से दाहोद के सैंकड़ों गांवों की माताओं बहनों का जीवन बहुत आसान होने जा रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि दाहोद अब मेक इन इंडिया का भी बहुत बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। गुलामी के दौर में यहां स्टीम लोकोमोटिव के लिए एक वर्कशाप थी अब वह मेक इन इंडिया को गति देगी। दाहोद में 20 हजार करोड़ रुपये का कारखाना लगने जा रहा है। मेक इन इंडिया के साथ अब भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार हो गया है जो नौ हजार हार्स पावर के शक्तिशाली इंजनों का निर्माण करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारतीय रेल का तेजी से विद्युतीकरण हो रहा है। यह आधुनिक हो रही है। मालगाड़ियों के लिए अलग रास्ते बनाए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिक इंजनों की विदेशों में तेजी से मांग बढ़ रही है जिसे पूरा करने में दाहोद बड़ी भूमिका निभाने जा रहा है। इस नए कारखाने की स्थापना से हजारों लोगों को काम मिलेगा। इससे पहले पीएम मोदी ने गुजरात के महात्मा मंदिर में तीन दिवसीय वैश्विक आयुष निवेश और नवाचार सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही पारंपरिक औषधि उत्पादों को मान्यता देने के लिए आयुष चिह्न जारी करेगा।

# आंध्र में 13 साल की नाबालिग से 80 लोगों ने किया गैंगरेप

## जिस्मफरोशी के लिए मजबूर किया

गुंटूर / यूटर्नः आंध्र प्रदेश के गुंटूर से 13 साल की लड़की से गैंगरेप की रोंगटे खड़े करने की खबर सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को इस लड़की का रेस्क्यू किया, जिससे जबरन जिस्मफरोशी करवाई गई। नाबालिग के साथ 8 महीने से ज्यादा वक्त तक 80 लोगों ने गैंगरेप किया। उसे तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के वेश्यालयों में वेश्यावृत्ति के लिए मजबूर किया गया। पुलिस ने सभी 80 आरोपियों की पहचान कर ली है। और 10 को गिरफ्तार कर लिया है। बाकियों की तलाश जारी है। मासूम का बुरा वक्त तब शुरू हुआ जब उसकी मां की मौत कोरोना से हो गई थी। इससे पहले जून 2021 में एक हॉस्पिटल में स्वर्णा कुमारी नाम की महिला उसकी मां की सहेली बनी थी। स्वर्णा ने ही उस मासूम को गोद लिया



और उसके पिता को बिना बताए अपने साथ ले गई। अगस्त 2021 में पीड़ित के पिता ने पुलिस में बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई। तब पुलिस स्वर्णा कुमारी तक पहुंची। पुलिस ने बताया कि 80 लोगों की पहचान हो गई है। इस मामले में पहली गिरफ्तारी जनवरी में हुई थी। 19 अप्रैल को गुंटूर की वेस्ट जोन पुलिस ने 10 लोग, जिनमें बीटेक स्टूडेंट भी शामिल हैं, उन्हें अरेस्ट किया है। आरोपियों और पीड़िता से पूछताछ करने पर पुलिस को पीड़िता की स्थिति की दर्दनाक और चौंकाने वाली हकीकत का पता चला। ASP के सुपराजा के मुताबिक पुलिस ने पहले सभी आरोपियों की पहचान की और इसके बाद उनकी धरपकड़ शुरू की। इनमें से कुछ गिरोह चलाने वाले हैं, 35 दलाल हैं और बाकी ग्राहक बनकर पहुंचने वाले लोग हैं। लड़की की उम्र और हालात का फायदा उठाकर कई गिरोहों ने उसकी खरीद-फरोख्त की और उसे प्रदेश में कई जगह बेचा गया। पुलिस एक आरोपी की तलाश में है जो लंदन में है। इस केस में पुलिस ने विजयवाड़ा, हैदराबाद, काकीनाडा और नेल्लोर से पकड़े गए आरोपियों से एक कार, 53 मोबाइल, तीन ऑटो और कुछ बाइक भी बरामद की हैं।

# बाइडेन ने एनवायर्नमेंट पॉलिसी के अहम हिस्से फिर बहाल किये

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मंगलवार को नेशनल एनवायर्नमेंट पॉलिसी एक्ट के कुछ हिस्सों को फिर से बहाल कर दिया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प इस कानून के कुछ हिस्सों पर रोक लगा दी थी। ट्रम्प का कहना था कि इनकी वजह से खदानों, सड़क विस्तार जैसी डेवलपमेंट योजनाओं पर असर पड़ रहा था। इस कानून के बहाल होने के बाद अब फेडरल एजेंसियों को हाईवे, पाइपलाइन और माइनिंग जैसी योजनाओं को मंजूरी देने से पहले लोकल कम्युनिटीज को जानकारी देना जरूरी होगा। व्हाइट हाउस के मुताबिक, अब फेडरल एजेंसियों को किसी भी योजना को मंजूरी देने से पहले यह जानकारी भी जुटानी होगी कि इससे कितनी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित होगी। इसके साथ ही इससे जो जलवायु परिवर्तन होगा उससे वहां मौजूद हाईवे, ब्रिज और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर क्या असर पड़ेगा। इसके साथ ही एनवायर्नमेंट क्वालिटी काउंसिल



यह भी देखेगी कि योजनाओं को मंजूरी देने वाली एजेंसियां इससे प्रभावित कम्युनिटीज को अप्रूवल प्रोसेस में एक बड़ा रोल दें। हालांकि रिपब्लिकन पार्टी के कुछ नेता इसका विरोध भी कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस अतिरिक्त समीक्षा से विकास योजनाओं को लागू करने में बेवजह की देरी होगी। नेशनल एनवायर्नमेंट पॉलिसी एक्ट को कई पर्यावरणीय आपदाओं के बाद, 1970 में राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की सरकार ने मंजूरी दी थी।

# दिल्ली में अब मास्क नहीं पहना तो देना होगा 500 रुपये जुर्माना



नई दिल्ली / यूटर्नः कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों मे तेजी से इजाफा होने के बीच दिल्ली वालों के लिए बड़ी खबर आ रही है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा के कुछ शहरों में मास्क अनिवार्य होने के बाद अब दिल्ली सरकार ने भी कठोर कदम उठाया है। अब दिल्ली में मास्क नहीं पहनने पर लोगों को 500 रुपये का जुर्माना देना होगा। दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बुधवार को बुलाई गई बैठक में यह निर्णय लिया गया है। उपराज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता में बुधवार को हुई दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक में कोरोना के मद्देनजर स्कूलों के लिए नए सिरे से एसओपी जारी की जाएगी। इसके साथ ही अगर सार्वजनिक स्थल पर किसी ने मास्क नहीं पहना है तो उस पर 500 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। गौरतलब है कि देश की राजधानी में मंगलवार को 24 घंटे के दौरान कोरोना के 632 नए मामले सामने आए। वहीं, संक्रमण दर 7.72 से घटकर 4.42 प्रतिशत पर आ गई। 24 घंटे में 414 मरीज ठीक हुए। साथ ही किसी मरीज की मौत नहीं हुई। इस बीच कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच दिल्ली में मास्क नहीं पहनने पर जुर्माने का दौर फिर लौट आया है। दरअसल, कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच बुधवार को दिल्ली के एलजी की अध्यक्षता में होने वाली दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक बुलाई गई थी।

# 2047 तक भारत उच्च आय वाला देश बन सकता है: नीति आयोग

नई दिल्ली / यूटर्नः नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने बुधवार को कहा कि भारत को 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने की महत्त्वाकांक्षा रखनी चाहिए और इसके लिए साल दर साल निरंतर आर्थिक विकास की जरूरत होगी। कांत ने आगे कहा कि अगर भारत अपने निजी क्षेत्र की शक्ति का उपयोग करेगा तो देश विकसित होगा। उन्होंने कहा, ₹हमारी प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,000 अमरीकी डालर है। भारत एक निम्न मध्यम आय वाला देश है। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, हमारी महत्त्वाकांक्षा 2047 तक उच्च आय वाला देश बनने की होनी चाहिए और इसके लिए साल दर साल निरंतर विकास की जरूरत है।₹ कांत ने कहा कि 1947 में दक्षिण कोरिया, चीन और भारत की प्रति व्यक्ति आय कमोबेश बराबर होगी। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया की प्रति व्यक्ति आय भारत से 7 गुना है। इस बात पर ध्यान खींचते हुए कि चीन और दक्षिण कोरिया ने साल दर साल 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है, कांत ने कहा, अगर भारत उच्च दर से नहीं बढ़ेगा तो यह कम आय वाले विकास परिदृश्य में फंस जाएगा।

# एक्शन मोड में पंजाब पुलिस, अलका लांबा के घर पहुंची

नई दिल्ली / यूटर्नः पंजाब पुलिस बुधवार सुबह से ही एक्शन मोड में है। आप के बागी नेता और कवि कुमार विश्वास के बाद अब पंजाब पुलिस आप की पूर्व विधायक व कांग्रेस नेत्री अलका लांबा के घर पहुंची है। यह जानकारी अलका लांबा ने खुद अपने ट्विटर के माध्यम से दी। उन्होंने लिखा, पंजाब पुलिस मेरे घर पहुंच चुकी है। इससे पहले जब पंजाब पुलिस कुमार विश्वास के घर पहुंची थी तब भी अलका ने एक ट्वीट कर लिखा था अब समझ आ रहा कि आप को पुलिस क्यों चाहिए। अलका ने उस ट्वीट में लिखा, 'अब समझ आ रहा होगा कि आप को पुलिस क्यों चाहिए थी.. भाजपा की तरह मात्र अपने विरोधियों को डराने और उनकी आवाज दबाने के लिए। थोड़ी तो शर्म करो केजरीवाल जी। बुधवार सुबह 7:00 बजे पंजाब पुलिस के निरीक्षक समेत छह पुलिसकर्मी कवि कुमार विश्वास के गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित आवास पर पहुंची। पुलिस निरीक्षक ने उन्हें एक मामले में नोटिस तामील कराया। कुमार विश्वास के खिलाफ रोपड़ थाने में धारा 153, 153ए, 323, 341, 506, 120बी के तहत केस दर्ज किया गया है। रोपड़ पुलिस ने गाजियाबाद पहुंचकर कुमार विश्वास के घर पर समन रिसीव करवाया।



Owner, Publisher, Printer: Komal Sharma, Printed by: BBF Industries Limited, VPO Bhamiia Kalan, Tajpur Road, Ludhiana PB-141011, Published by : House No. 68, New Sarabha Nagar, VPO, Dad. Ludhiana PB-142022, Chief Editor: Sandeep Sharma